<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 4676

23 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

घरेलू इस्पात उद्योग को बढ़ावा

4676. कुमारी राम्या हरिदासः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का सभी सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए घरेलू स्टील का उपयोग करने को अनिवार्य बनाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): जी, हाँ। सरकार ने स्वदेशी विनिर्मित लौह और इस्पात उत्पादों (डीएमआई एंड एसपी) नीति को प्राथमिकता प्रदान करने के लिए वर्ष 2017 में एक नीति अधिसूचित की थी जिसे बाद में मई, 2019 में संशोधित कर दिया गया था। इस नीति में केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों तथा उनके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी एजेन्सियों/ निकायों द्वारा खरीद में तथा इन एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं में विनिर्दिष्ट स्वदेशी निर्मित लौह और इस्पात उत्पादों के अनिवार्य इस्तेमाल की परिकल्पना की गई है।

****